जिले में बाहर से आने वाली नशीली दवाओं और मादक पदार्थों की सप्लाई रोकें : स्वामी

- नार्को कोर्डिनेशन सेन्टर तंत्र की जिला स्तरीय बैठक में कलेक्टर ने ये निर्देश दिये
- नशा मुक्ति केन्द्रों का प्रभावी रूप से निरीक्षण किया जायेगा

गंगानगर कलेक्टर सौरभ स्वामी ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय बैठक को संबोधित किया।

श्रीगंगानगर, (कासं)। भारत सरकार के गृह मंत्रालय के आदेश की पालना में नार्को कोर्डिनेशन सेन्टर (एनसीओआरडी) तंत्र की जिला स्तरीय कमेटी की बैठक शुक्रवार सुबह जिला कलेक्टर सौरभ स्वामी की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान जिला कलेक्टर ने नशीले और मादक पदार्थों के खिलाफ कार्यवाही के साथ-साथ जिले में संचालित नशा मुक्ति केन्द्रों के प्रभावी रूप से निरीक्षण के निर्देश देते हुए कहा कि संबंधित विभागों के अधिकारी इस दौरान निर्धारित मापदण्डों के अनुसार व्यवस्थाओं का अवलोकन सुनिश्चित करेंगे।

बैठक में जिला कलेक्टर ने कहा कि संबंधित विभाग आपसी समन्वय बनाकर जिले में नशीले और मादक पदार्थों की ब्रिकी तथा इसके उपयोग पर सख्त कार्यवाही नियमित रूप से करें ताकि नशीले और मादक पदार्थों की बिक्री न हो पाये। जिले में बाहर से आने वाली नशीली दवाओं और मादक पदार्थों की सप्लाई रोकने के लिये भी प्रभावी कार्यवाही की आवश्यकता जताते हुए उन्होंने पुलिस प्रशासन एवं बीएसएफ को निर्देश दिये कि ऐसे मार्गों को चिन्हित किया जाये, जहां से इनका आवागमन होता है।

सैक्टर हैडक्वार्टर बीएसएफ कमांडटेंड एस. आर. खान ने अवगत करवाया कि कोठा और हिन्दुमलकोट मार्ग पर चौकी स्थापित की जानी आवश्यक है। साथ ही यहां सीसीटीवी कैमरे लगाये जायें ताकि मूवमेंट की जानकारी मिलती रहे। नशीले और मादक पदार्थों के आवागमन संभावित वाले मार्गों की नियमित रूप से निगरानी करने के निर्देश देते हुए जिला कलेक्टर ने कहा कि इनमें शामिल के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। साथ ही नहर के हैडों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फीड पुलिस के अभय कमांड सेन्टर में दी जाये ताकि आसपास के क्षेत्रों से नशीले पदार्थों की आपूर्ति पर नियंत्रण लगाया जा सके।

जिला कलेक्टर ने समाज कल्याण विभाग के अधिकारी से जिले में संचालित नशा मुक्ति केन्द्रों की जानकारी लेते हुए निर्देश दिये कि प्रभावी रूप से इनका निरीक्षण किया जाये। इस दौरान संबंधित विभाग के अधिकारी निर्धारित मापदण्डों के अनुसार व्यवस्थाओं का अवलोकन सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि पुलिस, बीएसएफ, इंटेलीजेंस, औषधि नियंत्रण विभाग के साथ-साथ स्टेट जीएसटी अधिकारी समन्वय बनाकर नशीले और मादक पदार्थों की बिक्री के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही करेंगे तो न केवल क्षेत्र में नशे की रोकथाम संभव होगी, अपितु इनके खिलाफ आमजन भी जागरूक होंगे।

सहायक औषधि नियंत्रक अशोक कुमार मित्तल ने बैठक में अवगत करवाया कि नियमित रूप से मेडिकल स्टोर्स की जांच की जा रही है। नशीली दवाओं के साथ-साथ संयुक्त दल के साथ भी औषधि नियंत्रक अधिकारी कार्यवाही कर रहे हैं। अनियमितता पाये जाने पर संबंधित मेडिकल स्टोर और फार्मासिस्ट के लाइसेंस निलम्बित कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। निरीक्षण के दौरान बिना बिल नशे में प्रयुक्त होने वाली दवा मिलने पर संबंधित के खिलाफ कार्यवाही के लिये सहायक औषधि नियंत्राक को निर्देशित करते हुए जिला कलक्टर ने कहा कि इसकी सूचना स्टेट जीएसटी के स्थानीय अधिकारी को भी देनी सुनिश्चित की जाये। सर्दी और कोहरे के दौरान जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में नशीले और मादक पदार्थों के आने की संभावना जताते हुए जिला कलक्टर ने कहा कि बीएसएफ और पुलिस के अधिकारी संयुक्त रूप से निगरानी करें ताकि ऐसी घटनाओं पर रोक लगाते हुए आवश्यक कार्यवाही की जा सके।

डम्पर की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत

हनुमानगढ़, (कासं)। संगरिया रोड पर स्थित नवां गांव के पास दोपहर को डम्पर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार मां की मौत हो गई और बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए परिजनों ने जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रैफर कर दिया।

पुलिस ने घटनास्थल से डम्पर जब्त कर ड्राइवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। दोपहर करीब 12 बजे संगरिया रोड स्थित नवां रेलवे फाटक के पास स्थित अपना होटल के सामने डम्पर ने तेज और लापरवाही से चलाकर बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चला रहे ताराचन्द पुत्र भूपसिंह मेघवाल निवासी वार्ड 4, गांव सालीवाला और पीछे बैठी उसकी मां सरोज को गम्भीर चोट आई।

हादसे में घायल मां-बेटे को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद सरोज को मृत घोषित कर दिया। वहीं हालत गंभीर होने पर ताराचन्द को हायर सेंटर बीकानेर रैफर कर दिया।

हादसे की सूचना मिलने पर जंक्शन थाना के एएसआई जयसिंह जिला अस्पताल पहुंचे और शव को मोर्चरी कक्ष में रखवाया। वहीं जंक्शन पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद मृतक महिला का शव परिजनों को सौंप दिया है और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सार-समाचार

जन आक्रोश यात्रा जोरावरपुरा पहुंची

नोखा, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी नोखा शहर मंडल की जन आक्रोश यात्रा का कार्यक्रम आज जोरावरपुरा में रखा गया। जिसमें वार्ड नंबर 38, 39, 40, 41 व 42 में आक्रोश यात्रा के रथ का स्वागत किया गया। प्रभारी भंवर नैन ने कहा कि सरकार हर मुद्दे पर विफल रही चाहे बिजली हो, पानी हो या सड़क या फिर रोजगार देने को बात हो। उन्होंने कहा कि जो सरकार महिलाओं की सुरक्षा कर न सकी, जहां पुलिस व प्रशासन नाकाम रहा, जहां बिजली व पानी किसानों को दे नहीं सकी, ऐसी सरकार को आगामी चुनाव में उखाड़ फैंकने का आव्हान किया। कार्यक्रम में यात्रा के विधानसभा के संयोजक भंवर नैन, मंडल महामंत्री नरेन्द्र चौहान, गणपत गोदारा, पूर्व पार्षद बजरंग गोदारा, अमित पंचारिया आदि उपस्थित थे।

गाजर धुलाई का रजिस्ट्रेशन कराया

श्रीगंगानगर, (कासं)। शहर के नजदीक गांव साधुवाली में लगने वाली गाजर मंडी में शुक्रवार को सिंचाई विभाग की टीम जांच करेगी। जिले में गंगनहर पर गाजर धुलाई करने वाले किसानों की संख्या दो सौ ज्यादा है जबकि अब तक सौ से कुछ ज्यादा किसानों ने ही मशीनों के लिए निर्धारित फीस जमा करवाई है। सिंचाई विभाग ने किसानों को आठ दिसम्बर तक गाजर धुलाई मशीनों के लिए फीस जमा करवाने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद बड़ी संख्या में किसानों ने फीस जमा नहीं करवाई। अब सिंचाई विभाग की टीम शुक्रवार से जांच शुरू करेगी। बिना रजिस्ट्रेशन पाई जाने वाली मशीनों को जब्त करने की कार्रवाई की जाएगी। श्रीगंगानगर जिला सब्जी उत्पादक संघ अध्यक्ष अमरसिंह ने बताया कि अकेले साधुवाली में करीब साठ किसानों ने निर्धारित फीस जमा करवा दी है। यहां करीब सत्तर मशीन पिछले साल लगी थीं। सिंचाई विभाग के एसई धीरज चावला ने बताया कि जिले में करीब दो सौ गाजर धुलाई मशीनें गंगनहर के किनारे लगने का अनुमान हैं। अब तक सौ से कुछ ज्यादा किसानों ने फीस जमा करवा दी है। शुक्रवार को विभाग की टीम जायजा लेगी। इस दौरान बिना रजिस्ट्रेशन मिलने वाली मशीनों की जानकारी जुटा ली जाएगी। फिर पुलिस जाब्ते के साथ इन्हें जब्त कर लिया जाएगा।

किसान सभा का आयोजन किया गया

हनुमानगढ़, (कासं)। कृभको की अटेर से ग्राम सेवा सहकारी समिति अमर सिंहवाला में किसान सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समिति उपाध्यक्ष, गोलूवाला ब्रांच के ऋण पर्यवेक्षक गुरसेवक सिंह गोदारा, व्यवस्थापक सुखदेवसिंह, नरेन्द्र सिंह, कृभको के क्षेत्रीय अधिकारी अनुज गोदारा, हरीश कुमार अतिथि थे। लगभग 50 किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मिट्टी जांच, यूरिया, डीएपी, एमएपी, एन पीके सहित पोटाश का महत्व, जिंक सल्फेट, सल्फर की उपयोगिता, जैव उर्वरकों के अधिकाधिक उपयोग सहित खेती से जुड़े विषयों पर सामूहिक चर्चा की गई। इसके साथ कृभको के सोशल मीडिया अभियान से किसानों को जोड़ा गया और अन्य किसानों को भी जुड़ने के लिए आव्हान किया। इससे कृभको द्वारा जारी की जा रही एडवाइजरी के बारे में किसान जानकारी प्राप्त कर जागरूक बने रह सकेंगे। कार्यक्रम के अंत में पूरे विषय पर की गई वार्ता से प्रश्नोत्तरी कर सही जवाब देने वाले किसानों को 10 लीटर जैव उर्वरक पुरस्कार स्वरूप भेंट किये गए।

बच्चों को नशे से बचाने की नसीहत

श्रीगंगानगर, (कासं)। संभाग स्तरीय मंशा नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत जिला कलेक्टर सौरभ स्वामी व जिला पुलिस अधीक्षक आनंद शर्मा के निर्देशानुसार नशामुक्ति जनजागृति कार्यशाला पुलिस थाना सूरतगढ़ शहर द्वारा ग्राम पंचायत भवन रंगमहल में शुक्रवार को आयोजित की गई। इस अवसर पर मुख्य वक्ता राजकीय नशा मुक्ति परामर्श एवं उपचार केन्द्र के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ.रविकांत गोयल ने ग्रामीण इलाके के सरपंच, वार्डों के पंच, पंचायत समिति एवें जिला परिषद के सदस्य और अन्य जागरूक जनप्रतिनिधियों से आव्हान किया कि वे अपने-अपने इलाके में अवैध रूप से नशा बेचने वाले लोगों को चिन्हित करें और ऐसे लोगों की जानकारियां थानाधिकारियों को दें ताकि उनके विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही कर युवाओं में बढ़ते नशे को रोकने के कारगर उपाय किए जा सके। डॉ. गोयल ने अभिभावकों से आव्हान किया कि यदि अपने बच्चों का सुनहरा भविष्य चाहते हैं तो अपने बच्चों को नशे से बचाएं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ग्राम पंचायत सरपंच विजय सिंह ताखर ने कहा कि नशामुक्ति जनजागृति कार्यशाला में वैज्ञानिक अवधारणाओं पर आधारित जानकारी से ग्रामीणों में जो नशामुक्त गांव का निर्माण करने एवं स्वयं नशे से बचे रहने का बीज अंकुरित हुआ है, वह निश्चित रूप से पल्लवित भी होगा।

हाईवे जाम की चेतावनी के बाद हरकत में आया प्रशासन

- कंपनी अधिकारियों और किसान नेताओं के साथ की वार्ता, फ्लाई ओवर का निर्माण जल्द पूरा करने को कहा
- सूरतगढ़ में नेशनल हाईवे की जर्जर हालत और फ्लाई ओवर का निर्माण धीमी गति से होने पर शनिवार से इंदिर सर्किल पर धरना प्रदर्शन के साथ ही सड़क जाम करने की चेतावनी दी

सूरतगढ़,(कासं)। सूरतगढ़ शहर में नेशनल हाईवे की जर्जर हालत और फ्लाई ओवर का निर्माण धीमी गति से होने पर किसान नेता राकेश बिश्नोई ने शनिवार से इंदिर सर्किल पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी के साथ ही सड़क जाम करने की चेतावनी दी है। चेतावनी के बाद प्रशासन हरकत में आया है।

उपखंड अधिकारी संदीप काकड़ ने किसान नेता और कंपनी अधिकारियों के साथ अपने चैम्बर में वार्ता की। बैठक में किसान नेता राकेश बिश्नोई, एमबीएल कंपनी के एजीएम आरएस राजपुरोहित, सूर्या कंपनी के राजेश नैन और सिटी थानाधिकारी रामकुमार लेघा मौजूद थे।

बैठक में किसान नेता राकेश बिश्नोई ने कहा कि एमबीएल कंपनी ने खेजडी मंदिर के पास व्हीकल अंडरपास का निम्रण तो कर दिया लेकिन सर्विस रोड नहीं बनाई। इंदिरा सर्किल पर धूल के गुबार से लोगों का सांस लेना भी मुश्किल हो गया है। इस पर एसडीएम ने दोनों कंपनी के अधिकारियों से कहा कि तय मापदंडों के अनुसार सर्विस रोड का जल्द निर्माण करवाया जाए। फ्लाई ओवर का निर्माण कार्य प्रभावित हुए बिना सर्विस रोड बनाई जाए। खेजड़ी चौराहे, सरकारी कॉलेज, उप कारागृह और डिग्री कॉलेज तक गति अवरोधक लगाने और चेतावनी के साइन बोर्ड लगाये जाने की हिदायत दी।

वहीं कंपनी अधिकारियों ने बताया कि सर्विस रोड के नीचे पीएचईडी की पाइपलाइन है जिसे तोड़कर बाहर निकाला जायेगा। क्योंकि पाइपलाइन के टूट जाने से सड़कों को नुकसान होता है। कंपनी अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि शुक्रवार से सड़क का पुनर्निर्माण शुरू कर दिया जायेगा। तब एसडीएम ने कहा कि शुक्रवार को वे किसान नेता, कंपनी के अधिकारियों और ठेकेदार के साथ मौके का निरीक्षण करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने कंपनी अधिकारियों को चेतावनी दी कि सर्विस रोड़ गड्ढे युक्त और क्षतिग्रस्त पाई गई तो कंपनी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जायेगी। सूर्या कंपनी के राजेश नैन बताया कि धानमंडी के गेट नंबर दो पर व्हीकल अंडरपास का निर्माण हो रहा है। कमल होटल से फ्लाई ओवर का निर्माण भी जल्द ही शुरू करवा दिया जायेगा। इसके लिए कंपनी को 18 माह का समय दिया गया है।

डॉ. टैस्सीटोरी की जयंती 13 को

बीकानेर, (कासं)। राजस्थानी भाषा साहित्य एवं पुरातत्व के महान विद्वान डॉ. एल.पी. टैस्सीटोरी के 135 वां जन्म दिवस प्रज्ञालय संस्थान एवं राजस्थानी युवा लेखक संघ द्वारा उन्हें नमन-स्मरण करते हुए मनाया जायेगा।

राजस्थानी युवा लेखक संघ के प्रदेशाध्यक्ष कमल रंगा ने बताया कि 13 दिसम्बर को स्थानीय पब्लिक पार्क के पास स्थित उनकी समाधि स्थल पर प्रात: 11 बजे पुष्पांजलि-विचारांजलि अर्पित की जायेगी। कार्यक्रम के प्रभारी युवा शायर कासिम बीकानेरी ने बताया कि डॉ. टैस्सीटोरी की महान राजस्थानी सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रज्ञालय संस्थान एवं राजस्थानी युवा लेखक संघ गत 42 वर्षों से निरन्तर उनकी पुण्यतिथि एवं जन्म दिवस को सृजनात्मक-साहित्यिक आयोजनों के माध्यम से निरन्तर सकारात्मक प्रयास किए जा रहे है।

कमल रंगा एवं कासिम बीकानेरी ने साझा रूप से इस अवसर पर पुन: राज्य सरकार से प्रदेश की दूसरी राजभाषा बनाने हेतु एवं केन्द्र सरकार से संविधान की आठवीं अनुसूची में जोड़ने की मांग की ताकि करोड़ों लोगों की जन भावना एवं उनकी अस्मिता की रक्षा हो सके।

स्कूल के पास मोबाइल टावर में लगी आग

- मोबाइल कंपनी के ऊपरी हिस्से में वैल्डिंग काम से आग फैली

श्रीगंगानगर, (कासं)। जिले के जैतसर के गवर्नमेंट गर्ल्स स्कूल के पास शाम करीब सात बजे मोबाइल टावर में आग लग गई। आगजनी की यह घटना टावर के ऊपरी हिस्से से शुरू हुई और फैलते-फैलते नीचे तक पहुंच गई।

ग्रामीणों ने शुरूआत में टावर पर कुछ चमकता हुआ देखा तो उन्हें लगा कि संभवत: टावर के ऊपरी हिस्से में कर्मचारी कोई वैल्डिंग जैसा काम कर रहे हैं लेकिन जब आग लगातार फैलती गई और टावर के नीचे तक पहुंच गई तो स्थिति स्पष्ट हुई।

कस्बे के गवर्नमेंट गर्ल्स स्कूल के पास शाम करीब सात बजे के आसपास दो मोबाइल कंपनियों के संयुक्त टावर ने अचानक आग पकड़ ली। आग टावर के ऊपरी हिस्से से शुरू हुई और नीचे तक फैलती चली गई। शुरुआत में ग्रामीणों ने टावर पर लगी आग पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया।

उन्हें लगा कि संभवत: मोबाइल कंपनी के कर्मचारी ऊपरी हिस्से में कोई वैल्डिंग जैसा काम कर रहे हैं, लेकिन जब यह लगातार फैलती चली गई तो टावर के आसपास दहशत का माहौल हो गया। टावर की यह आग ऊपर से नीचे की तरफ फैलती चली गई। टावर में नीचे की तरफ जनरेटर और बैटरी लगे हुए हैं। जब आग इन बैटरी और जनरेटर तक पहुंच गई तो ग्रामीणों की चिंता भी बढ़ गई। हालांकि इसी बीच लोगों ने श्रीबिजयनगर से फायर ब्रिगेड भी बुला ली।

आग ऊंचाई पर होने से आग लगने के साथ ही इसे बुझाना संभव नहीं हो पाया। जैतसर के ग्रामीणों के पास उपलब्ध संसाधनों से टावर के ऊपरी हिस्से पर आग पर काबू पाना संभव नहीं था। शाम करीब साढ़े सात बजे श्रीबिजयनगर से पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने टावर के पास से ऊपर की तरफ पानी की बौछार छोड़ी। रात करीब आठ बजे तक आग बुझाने के प्रयास जारी थे। रात आठ बजे तक आग के बड़े हिस्से पर काबू पा लिया गया।

दिसम्बर के दूसरे सप्ताह में भी कड़ाके की सर्दी नहीं

- सुबह व रात में पड़ने वाली सर्दी आम दिनों से कम

बीकानेर, (कासं)। आमतौर पर बीकानेर में दिसम्बर के पहले सप्ताह में सर्दी का असर दिखने लगता है लेकिन इस बार दूसरे सप्ताह में भी सर्दी सिर्फ रात तक सीमित है। दिन में तेज धूप से जहां सर्दी का असर कम हो गया है। वहीं बढ़ा हुआ तापमान कभी कभी गर्मी का अहसास भी करा देता है।

पिछले चौबीस घंटे में बीकानेर में न्यूनतम और अधिकतम दोनों तापमान में बढ़ोतरी ने फिलहाल सर्दी से राहत ही दी है। आमतौर पर बीकानेर में इन दिनों में अधिकतम तापमान 26 डिग्री के आसपास रहता है। वहीं न्यूनतम तापमान 11.3 डिग्री सेल्सियस है जो सामान्य से 1.9 डिग्री सेल्सियस अधिक है। ऐसे में सुबह व रात में पड़ने वाली सर्दी आम दिनों से कम है। वहीं माना जा रहा है कि पंद्रह दिसम्बर के बाद बीकानेर में सर्दी का अहसास बढ़ेगा। बीकानेर सहित पश्चिमी राजस्थान में 45 दिन सर्दी का प्रकोप रहता है जो पंद्रह दिसम्बर से तीस जनवरी तक रहता है, हालांकि फरवरी में भी सर्दी रहती है।

उपन्यासों का लोकार्पण कल

बीकानेर, (कासं)। गायत्री प्रकाशन द्वारा प्रकाशित राजस्थानी के पांच उपन्यासों का लोकार्पण रविवार को स्थानीय धरणीधर रंगमंच पर होगा।

उपन्यासों का लोकार्पण वरिष्ठ कवि, नाटककार व आलोचक डॉ. अर्जुनदेव चारण तथा समाजसेवी रामकिसन आचार्य सुबह सवा दस बजे करेंगे। आशीष पुरोहित ने बताया कि एक साथ अलग- अलग रचनाकारों के पांच उपन्यासों का लोकार्पण होगा। साहित्यकार मधु आचार्य का 'वार्ड', नगेंद्र नारायण किराडू का 'कबीरा सोई पीर है', सीमा भाटी का 'आस री डोर', ऋतु शर्मा का 'फांस' और हरीश बी. शर्मा का 'तीजी जात' उपन्यास का लोकार्पण किया जायेगा।

कब्जा हटाने गई पुलिस व प्रशासन की टीम का विरोध

- कब्जेधारियों ने लगाया धरना, कहा 50 साल से काबिज हैं

श्रीगंगानगर, (कासं)। कब्जा हटाने गए पुलिस प्रशासन के अमले को शुक्रवार को विरोध का सामना करना पड़ा। प्रशासन की टीम जहां कब्जा हटाने गई थी, वहां काबिज लोगों ने मौके पर विरोध जताना शुरू कर दिया।

उनका कहना था कि वे पचास साल से इस जगह पर काबिज हैं। किसी ने उन्हें यहां से नहीं हटाया है। राज्य सरकार ने उन्हें यहां बिजली पानी के कनेक्शन दिए हैं। ऐसे में अब वे जाएं तो जाएं कहां। जवाहर नगर पुलिस की टीम के साथ गए एसएचओ नरेश निर्वाण और थाने की महिला पुलिसकर्मियों को भी विरोध का सामना करना पड़ा। जिला प्रशासन को शहर में हिन्दुमलकोट रोड पर एसजीएन खालसा कॉलेज के सामने की ओर एक कब्जे की जानकारी मिली थी। यहां खालसा कॉलेज के सामने की ओर ढाणी में रहने वाले सतनाम सिंह ने आरोप लगाया कि कुछ लोगों ने उसकी जमीन पर कब्जा कर रखा है। इस पर तहसीलदार नंदराम बाजिया और जवाहर नगर थाने का स्टाफ मौके पर पहुंचा। इन लोगों ने अतिक्रमण हटाना शुरू किया तो यहां रह रहे लोगों ने विरोध जताना शुरू कर दिया। इन लोगों का कहना था कि ये लम्बे समय से यहां रह रहे हैं। इन लोगों ने पुलिस पर भी कई आरोप लगाये तथा इस संबंध में जिला प्रशासन को ज्ञापन भी सौंपा।

इस मामले में जवाहर नगर एसएचओ नरेश निर्वाण का कहना था कि उन्हें कब्जा होने की शिकायत मिली थी। इस पर कार्रवाई की गई है।

कार्तिक भील के हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग, समाज के लोगों में रोष

नोखा में कार्तिक भील के हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन उपखंड अधिकारी को सौंपा।

नोखा, (निसं)। सिरोही के सामाजिक कार्यकर्ता कार्तिक भील की मारपीट के बाद मौत हो जाने पर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर यहां नोखा में अनुसूचित समाज की ओर से आक्रोश जताया गया। इस दौरान उपखण्ड अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम मांग पत्र देकर आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार करने की मांग की गई।

इस दौरान मगनाराम केडली ने बताया कि सिरोही जिले में बरलूट थाना क्षेत्र के अंतर्गत सामाजिक कार्यकर्ता कार्तिक भील पर कुछ असामाजिक तत्वों ने जानलेवा हमला कर दिया था। उसके बाद इलाज के दौरान कार्तिक भील की मौत हो गई। केडली ने बताया कि पुलिस थाना बरलुट में एफआईआर दर्ज होने के बावजूद पुलिस राजनीतिक लोगों के दबाव के कारण आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर रही है।

मृतक के परिवारजन भी आरोपियों की गिरफ्तारी करने की मांग को लेकर पिछले बीस दिन से धरने बैठे हैं। उसके बावजूद भी पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर रही है। मांगपत्र देने वालों में मगनाराम केडली, पूर्व सरपंच हीराराम ढाल, पूर्व सरपंच शंकरलाल मेहरड़ा, भाजपा मंडल अध्यक्ष रामदयाल जांगलू, एडवोकेट लेखराम चौहान, पार्षद हनी गर्ग, ऐडवोकेट हनुमान बिरट, युवा व्यवसायी सुनील रैगर, मालाराम नायक, भैराराम नायक, तिलाराम मुकाम, माही नायक, नारायण नायक, मांगीलाल नायक सहित अनुसूचित समाज के प्रबुद्ध लोग शामिल थे।

कांग्रेस सरकार पर साधा निशाना

अनूपगढ़, (कासं)। भाजपा पूरे प्रदेश में जन आक्रोश यात्रा निकाल रही है। अनूपगढ़ विधानसभा में आज जन आक्रोश यात्रा का रथ 12 एच हिषामकी से शुरू हुई, जो 13 एमडी, 17 एमडी, डब्बर समेत अनेक पंचायतों में पहुंचेगी। 12 एच हिषामकी में भाजपा नेताओं ने कांग्रेस सरकार पर जनता की अनदेखी करने का आरोप लगाया।

भाजपा नेता हरनेक सिंह कलेर ने कहा कि केवल भाजपा के कार्यकर्ताओं में ही नहीं बल्कि राज्य की जनता में भी कांग्रेस के खिलाफ आक्रोश है। कांग्रेस सरकार ने राजस्थान की जनता को अनदेखा किया है। पिछले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने जो वायदे किए थे, सरकार ने उन वादों को पूरा नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि बिजली की बढ़ती दरों जनता परेशान हो चुकी है। कांग्रेस की आपसी गुटबाजी के कारण प्रदेश में विकास कार्य नहीं हो पा रहे हैं। आक्रोश रथ यात्रा के दौरान भाजपा के वरिष्ठ हरनेक सिंह कलेर, विधायक सन्तोष बावरी, पूर्व विधायक शिमला बावरी, मोहन शर्मा किशन दुग्गल, संदीप सिंह गिल, विक्रम सिंह, ओम लखेसर समेत भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

नाबालिग के परिजन सौदेबाजी करते गिरफ्तार, ब्लैकमेलिंग का केस

- नाबालिग से रेप की कोशिश मामले में आरोपी पक्ष से सौदेबाजी कर 1.60 लाख रूपए लेते दबोचे

हनुमानगढ़, (कासं)। जिले की संगरिया पुलिस ने नाबालिग से रेप की कोशिश मामले में आरोपी पक्ष से सौदेबाजी कर 1.60 लाख रूपए लेते 2 लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर पूछताछ कर रही है। अब आरोपी पर पॉक्सो और नाबालिग के परिजनों पर ब्लैकमेलिंग का मामला चलेगा। पॉक्सो मामले में नाबालिग के 164 के बयान और मेडिकल करवा चुकी है। ऐसे में अब उसके परिजनों के ट्रैप होने का पॉक्सो मामले में कोई असर नहीं होगा। कानूनी जानकारों के मुताबिक मामले में नाबालिग के बयान महत्वपूर्ण होते हैं। हनुमानगढ़ पुलिस पॉक्सो मामले में 20 दिसम्बर तक कोर्ट में चार्जशीट पेश कर सकती हैं।

31 अक्टूबर 2022 को नाबालिग को साथ लेकर उसके पिता-माता ने संगरिया थाने में मुकदमा दर्ज करवाया था। मुकदमा दर्ज करवाते हुए नाबालिग के माता-पिता ने पुलिस को बताया था कि संगरिया निवासी रिश्ते में साढ़ू उसके पड़ौस में रहता है। 31 अक्टूहर को उसकी साली का फोन आया कि वो किसी पारिवारिक काम से बाहर गई हुई है। उनके पति घर पर अकेले हैं तो उनको चाय भिजवा देना। मेरी दोनों नाबालिग बेटियां मेरे साढ़ू के घर पर चाय देने गई। यहां मेरे साढ़ू ने मेरी 10 साल की बेटी को सफाई के काम में लगा दिया और मेरी 7 साल की बेटी से अश्लील हरकतें कर रेप करने की कोशिश की थी। इसी आधार पर संगरिया पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

आरोपी के भाई ने एसपी अजय सिंह राठौड़ को नाबालिग के पिता की ओर से ब्लैकमेल किए जाने की शिकायत दी थी। उसने बताया था कि संगरिया निवासी एक व्यक्ति ने झूठे और काल्पनिक तथ्यों के आधार पर आईपीसी की धारा 354 और पॉक्सो के तहत मुकदमा दर्ज करवाया था। मामला दर्ज होने के बाद से ही नाबालिग के पिता, पत्नी, उसका भाई और चाचा पॉक्सो मामले में मेरे भाई को गिरफ्तार करवाने और सजा दिलवाने के नाम से धमका कर 8 लाख रूपए की डिमांड कर रहे हैं। इसके बाद एसपी ने टीम गठित कर डीएसटी प्रभारी बिशन सहाय को टास्क पर लगाया। पुलिस टीम ने उसी दिन तुरंत कार्रवाई करते हुए जीजा-साला को 1 लाख 60 हजार लेते हुए गिरफ्तार कर संगरिया पुलिस को सौंप दिया।

एसआई लीलाधर ने बताया कि फिलहाल दोनों जीजा-साला को गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया गया है। मामले की सभी एंगल से जांच की जा रही है ताकि पता चल सके कि आरोपियों ने रूपए लेने के लिए ही मुकदमा तो दर्ज नहीं करवाया था। जांच के बाद ही पूरे मामले का खुलासा हो सकेगा।